क्रम-संख्या-210(घ)

रजिस्ट्रेशन नम्बर-एस०एस०पी०/एल०-डब्लू०/एन०पी०-91/2014-16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2016

आश्विन 26, 1938 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

गृह (पुलिस सेवायें) अनुभाग-1

संख्या 1587/छः-पी0एस0-1-2016-622(1)-2007

लखनऊ, 18 अक्टूबर, 2016

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0-81

संविधान के अनुच्छेद, 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके अं इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:-

उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली, 2016

भाग एक-सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1-(1) यह नियमामवली उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली, 2016 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2-उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा एक ऐसी राज्य सेवा है जिसमें समूह 'क' और समूह 'ख' के पद समाविष्ट हैं।

परिभाषाएं

3-जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में -

(क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 से है;

(ख) 'नियुक्ति प्राधिकारी' का तात्पर्य राज्यपाल से है;

(ग) 'भारत का नागरिक' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग- दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय ;

(घ) 'आयोग' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से है ;

(ङ) 'संविधान' का तात्पर्य भारत का संविधान से है ;

(च) 'पुलिस महानिदेशक' का तात्पर्य पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश से है ;

(छ) 'सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है ;

(ज) 'राज्यपाल' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है ;

(झ) 'विभागाध्यक्ष' का तात्पर्य पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश से है ;

(ञ) 'सेवा का सदस्य' का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति से है ;

(ट) 'नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों का तात्पर्य समय–समय पर यथासंशोधित अधिनियम की अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है ;

(ठ) 'सेवा' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से है ;

(ड) 'मौलिक नियुक्ति' का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हों तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो ;

(ढ) 'भर्ती का वर्ष' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग–दो–संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4–(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) जब तक कि उप–नियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायें, सेवा की सदस्य–संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी **परिशिष्ट–'क'** में दी गयी है:

परन्तु यह कि :–

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा ; अथवा

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं जिन्हें वह उचित समझें।

भाग–तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत

5–(1) साधारण श्रेणी में सेवा की भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:–

(एक) पचास प्रतिशत, आयोग के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा।

टिप्पणी–उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (प्रशासनिक शाखा), उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा, उत्तर प्रदेश वित्त और लेखा सेवा आदि की भर्ती के लिए आयोग द्वारा एक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाती है।

(दो) पचास प्रतिशत, नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के ऐसे निरीक्षकों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पॉच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो और उक्त पद पर स्थायी भी हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा :

परन्तु यह कि भर्ती के किसी वर्ष हेतु रिक्तियों का दो प्रतिशत भाग सरकार की विशिष्ट संस्तुतियों पर आयोग के माध्यम से बिना पारी पदोन्नति द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल के ऐसे पुलिस निरीक्षकों/कम्पनी कमाण्डरों में से भरा जायेगा जिन्होंने निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किया हो :–

(क) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात् विश्व चैम्पियनशिप में, चाहे किसी दल में या व्यक्तिक खेल में, जो अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत या कांस्य पदक या चतुर्थ स्थान तक अवश्य प्राप्त किया हो,

अथवा

(ख) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त ओलम्पिक खेलों में अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत या कांस्य पदक या चतुर्थ स्थान तक अवश्य प्राप्त किया हो,

अथवा

(ग) भारतीय दल में चयनित हो जाने के पश्चात् एशियन खेलों/ एशियन चैम्पियनशिप में, जो अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अवश्य सहभागिता की हो और स्वर्ण या रजत पदक अवश्य प्राप्त किया हो,

अथवा

(घ) यदि उसने खेलों में देश का सर्वोच्च पुरस्कार या उत्कृष्टता "अर्जुन पुरस्कार"/"राजीव गॉधी खेल रत्न" अर्जित किया हो। यदि नागरिक पुलिस या सशस्त्र पुलिस का कोई निरीक्षक पदोन्नति के लिए दिये गये मानदण्डों को पूर्ण करता है तो ऐसी दशा में अपनी स्पष्ट संस्तुतियों के साथ पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा और राज्य सरकार द्वारा आयोग की सहमति से बिना पारी पदोन्नति प्रदान की जायेगी। यदि इस परन्तुक के अधीन बिना पारी पदोन्नति के लिए ऐसा व्यक्ति या ऐसे व्यक्तियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो तो शेष रिक्तियॉ इस नियमावली में विहित सामान्य प्रक्रिया के अनुसार भरी जायेंगी।

(2) ज्येष्ठ वेतनमान, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–दो, अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–एक और अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी के पदों पर भर्ती, इस नियमावली के नियम 17 के उपबन्धों के अनुसार की जायेगी।

आरक्षण

6–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम, और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1993 के उपबन्धों और भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग–चार–अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7–सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो; या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगांडा और यूनाईटेड रिपब्लिक आफ तंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो:

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिए, जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लें:

परन्तु यह और भी कि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नहीं किया जायेगा, और

ऐसे अभ्यर्थी का एक वर्ष की अवधि से परे सेवा में बने रहना उसके भारतीय नागरिकता अर्जित करने के अध्यधीन होगा।

टिप्पणी :–किसी अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण पत्र आवश्यक हो किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकती है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षणिक अर्हता

8–सीधी भर्ती के लिए किसी अभ्यर्थी को भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए।

अधिमानी अर्हता

9–अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा, जिसने –

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

आयु

10–सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें सीधी भर्ती के लिए आयोग द्वारा रिक्तियॉ विज्ञापित की जायें, की पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त न की हो :

परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, और ऐसे अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जांय, उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र

11–सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस बिन्दु पर अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी:– संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वमित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति

12–सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसे पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियॉ हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक जीवित पत्नी हो :

परन्तु यह कि सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान हैं।

शारीरिक स्वस्थता / मानक

13–(1) किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि मानसिक व शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह चिकित्सा परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा को पास करें :

परन्तु यह कि पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी के मामले चिकित्सा परिषद द्वारा परीक्षा की आवश्यकता नहीं होगी।

(2) सेवा में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अभ्यार्थियों के चिकित्सा परीक्षा के संबंध में विनियम परिशिष्ट 'ख' में दिये गये हैं।

भाग–पॉच–भर्ती की प्रकिया

रिक्तियों का अवधारण

14–नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती के वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या के साथ–साथ नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। आयोग के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों को उन्हें सूचित किया जायेगा।

आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रकिया

15–(1) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुज्ञा के लिए आवेदन–पत्र, आयोग द्वारा जारी किये गये विज्ञापन में प्रकाशित प्रपत्र में आयोग द्वारा आमंत्रित किया जायेगा।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में तब तक सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश प्रमाण–पत्र न हो।

(3) आयोग, लिखित परीक्षा के परिणाम प्राप्त होने और सारणीबद्ध करने के पश्चात, नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, उतने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलायेगा जितने लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में निर्धारित स्तर तक पहुँचे हों। साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को दिये गये अंक लिखित परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ दिये जायेंगे।

(4) आयोग, अभ्यर्थियों की उनकी प्रवीणता कम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेंगा और उतने अभ्यर्थियों को जितने वह उचित समझें, नियुक्ति के लिये संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी कुल योग के बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में भी बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो आयोग की सामान्य नीति के अनुसार अभ्यर्थियों के नामों को व्यवस्थित किया जायेगा। आयोग सूची को नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

टिप्पणीः–प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बन्धित पाठ्य–विवरण और नियम ऐसे होंगे जैसे कि समय–समय पर सरकार की सहमति से आयोग द्वारा विहित किये जांय।

(5) ऐसे अभ्यर्थियों से, जिनके नाम चयन सूची में हैं, समय–समय पर सरकार द्वारा विहित प्रकिया के अनुसार चिकित्सा परीक्षा हेतु सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी। चिकित्सा परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी का यथास्थिति छाती और ऊँचाई की माप के लिए विहित शारीरिक मानक का भी परीक्षण किया जायेगा। चिकित्सा परीक्षा में जो अभ्यर्थी असफल पाये जायेंगे उन्हें अनुपयुक्त घोषित कर दिया जायेगा और ऐसी रिक्तियॉ अगले चयन के लिए अग्रेनीत कर दी जायेंगी।

(6) नियुक्ति आदेश जारी किये जाने के पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी की निगरानी में अभ्यर्थी का चरित्र सत्यापन पूर्ण किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी के चरित्र सत्यापन के दौरान प्रतिकूल तथ्य के प्रकाश में आने पर वह नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुपयुक्त घोषित कर दिया जायेगा और ऐसी रिक्तियॉ अगले चयन के लिए अग्रेनीत कर दी जायेंगी।

साधारण श्रेणी हेतु आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया

16–साधारण श्रेणी हेतु पदोन्नति द्वारा भर्ती, मौलिक रूप से नियुक्त नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के निरीक्षकों में से विभागाध्यक्ष द्वारा तैयार की गयी उनकी संयुक्त ज्येष्ठता सूची के अनुसार योग्यता के आधार पर, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रकिया) नियमावली, 1970 के अनुसार की जायेगी।

ज्येष्ठ वेतनमान, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–दो, अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–एक और अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी हेतु चयन की प्रकिया

17–(1) ज्येष्ठ वेतनमान हेतु चयन की प्रकिया :–

(क) ज्येष्ठ वेतनमान हेतु चयन समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्डों के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों पर मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे पुलिस उप–अधीक्षकों में से किया जायेगा जिन्होंने चयन के दिनांक को आवंटन के वर्ष से 6 वर्षो की सेवा पूर्ण कर ली हो और साधारण श्रेणी में भी चार वर्ष पूर्ण कर लिया हो और उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में स्थायी भी कर दिये गये हों।

(ख) उपर्युक्त पद पर पदोन्नति हेतु गठित चयन समिति में निम्नलिखित होंगे :–

(एक)	सरकार के मुख्य सचिव	–	अध्यक्ष
(दो)	गृह विभाग में सरकार का प्रमुख सचिव या सचिव	–	सदस्य
(तीन)	कार्मिक विभाग में सरकार का प्रमुख सचिव या सचिव उत्तर प्रदेश	–	सदस्य
(चार)	पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश	–	सदस्य

परन्तु यह कि यदि इस प्रकार गठित चयन समिति में अनूसूचित जातियों/अनुसूचित जन–जातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गो में से प्रत्येक के व्यक्ति सम्मिलित न हों तो ऐसी जातियों/जन–जातियों और वर्गो, जिनका प्रतिनिधित्व चयन समिति में नहीं है का एक अधिकारी जो सरकार के विशेष सचिव से अनिम्न श्रेणी का हो, चयन समिति में सदस्य के रूप में नाम–निर्दिष्ट किया जायेगा।

(ग) विभागाध्यक्ष समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश चयनोन्नति (लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों पर) पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार अभ्यर्थियों की एक पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों जो उचित समझे जाय, के साथ चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(घ) चयन समिति उपर्युक्त खण्ड (ग) निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(ड़) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों को एक सूची भर्ती के समय प्रवृत्त राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार तैयार करेगी और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

(च) चयन सूची, चयन के दिनांक से एक वर्ष के लिये प्रभावी होगी।

(2) अपर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–दो, अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–एक और अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी के पदों हेतु चयन की प्रकियाः–

(क) अपर पुलिस अधीक्षक हेतु चयन, समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिये मानदण्ड नियमावली–1994 में दिये गये मानदण्ड के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों पर, मौलिक रुप से नियुक्त ऐसे अधिकारियों में से किया जायेगा, जिन्होंने चयन के वर्ष की पहली जुलाई को बारह वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

(ख) अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–दो हेतु चयन, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिये मानदण्ड नियमावली, 1994 के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों पर, मौलिक रुप से नियुक्त ऐसे अपर पुलिस अधीक्षकों में से किया जायेगा, जिन्होंने चयन के वर्ष की पहली जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में सोलह वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

(ग) अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–एक हेतु चयन, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सररकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिये मानदण्ड नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्ड के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों पर, मौलिक रुप से नियुक्त ऐसे अपर पुलिस अधीक्षकों, विशेष श्रेणी–दो में से किया जायेगा, जिन्होंने चयन के वर्ष की पहली जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में इक्कीस वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

(घ) अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतम श्रेणी हेतु चयन समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिये मानदण्ड नियमावली,1994 में दिये गये मानदण्ड के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों पर, मौलिक रुप से नियुक्त ऐसे अपर पुलिस अधीक्षकों, विशेष श्रेणी–एक में से किया जायेगा, जिन्होंने चयन के वर्ष की पहली जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में बाईस वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

(ड़) उपर्युक्त पदों पर पदोन्नति हेतु गठित चयन समिति में निम्नलिखित होंगेः–

(एक) सरकार के मुख्य सचिव	अध्यक्ष
(दो) गृह विभाग में सरकार का प्रमुख सचिव या सचिव	सदस्य
(तीन) कार्मिक विभाग में सरकार का प्रमुख सचिव या सचिव	सदस्य
(चार) पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश	सदस्य

परन्तु यह कि यदि इस प्रकार गठित चयन समिति में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों में से प्रत्येक के व्यक्ति सम्मिलित न हों तो ऐसी जातियों/जनजातियों और वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व चयन समिति में नहीं है, का एक अधिकारी, जो सरकार के विशेष सचिव से अनिम्न श्रेणी का हो,चयन समिति में सदस्य के रूप में नाम–निर्दिष्ट किया जायेगा।

(च) नियुक्ति प्राधिकारी समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश चयनोन्नति (लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों पर) पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार अभ्यर्थियों की एक पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों, जो उचित समझे जांय, के साथ चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(छ) चयन समिति उपर्युक्त खण्ड (च) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(ज)चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की एक सूची भर्ती के समय प्रवृत्त राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार तैयार करेगी और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

(झ) चयन सूची, चयन के दिनांक से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी।

संयुक्त चयन सूची

18–यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियॉ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जायें तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थियों के नाम सुसंगत सूचियों से इस प्रकार लिये जायेंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग–छः– नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण, प्रशिक्षण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

19–(1) उप–नियम(2) के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुये नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियॉ उसी क्रम में करेगा जिसमें उनके नाम, यथास्थिति नियम 15, 16, 17 या 18 के अधीन तैयार की गयी सूचियों में हों। सीधी भर्ती से होने वाले किसी व्यक्ति से नियुक्ति पत्र में इस प्रयोजनार्थ विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रशिक्षण हेतु रिपोर्ट करने की अपेक्षा की जायेगी। ऐसे व्यक्ति का चयन निरस्त किया जा सकता है अथवा वह अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि वह विनिर्दिष्ट समय के भीतर सेवा/प्रशिक्षण को ग्रहण करने में असफल रहता है।

(2) जहॉ भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी हों, वहॉ नियमित नियुक्तियां तब तक नहीं की जायेंगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न कर लिया जाय और नियम 18 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख उसी ज्येष्ठताक्रम में किया जायेगा जैसा यथास्थिति, चयन में अवधारित किया जाय अथवा जैसे कि उस संवर्ग में हों जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाय। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जायें तो नामों को नियम 18 में निर्दिष्ट क्रम के अनुसार रखा जायेगा।

परिवीक्षा

20–(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली, 2013 के अनुसार परिवीक्षा पर रखा जायगा।

(2) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(3) उप–नियम (2) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायें, वह किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी सेवा के संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि को संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

21–(1) उप–नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय;

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय; और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायी किये जाने के लिये अन्यथा उपयुक्त है।

(2) जहाँ उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली 1991 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है वहाँ उस नियमावली के नियम–5 के उप–नियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुये आदेश को, कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

प्रशिक्षण

22–(1) नियम 15 के अधीन भर्ती व्यक्ति से अपनी परिवीक्षा अवधि के दौरान यह अपेक्षा की जायेगी कि वह समय–समय पर सरकार द्वारा विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करे।

(2) नियम 16 अथवा 17 के अधीन पदोन्नति द्वारा किसी पद पर नियुक्त प्रत्येक अधिकारी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह विभागाध्यक्ष द्वारा विनिश्चित प्रशिक्षण को प्राप्त करे।

(3) सेवा का प्रत्येक सदस्य अपनी सेवा के दौरान ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राप्त करेगा जैसा कि समय–समय पर सरकार या विभागाध्यक्ष द्वारा विनिश्चित किया जाय।

ज्येष्ठता

23–सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली–1991 द्वारा अवधारित की जायेगी।

भाग–सात–वेतन इत्यादि

वेतनमान

24–(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत्त वेतनमान निम्नलिखित हैं:–

(एक) साधारण श्रेणी–
रू0 15600–39100(वेतन बैण्ड–3)+रू0 5400/–(ग्रेड वेतन)

(दो) ज्येष्ठ वेतनमान–
रू0 15600–39100(वेतन बैण्ड–3)+रू0 6600/–(ग्रेड वेतन)

(तीन) अपर पुलिस अधीक्षक–
रू0 15600–39100(वेतन बैण्ड–3)+रू0 7600/–(ग्रेड वेतन)

(चार) अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–दो
रू0 37400–67000(वेतन बैण्ड–4)+रू0 8700/–(ग्रेड वेतन)

(पॉच) अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–एक
रू0 37400–67000(वेतन बैण्ड–4)+रू0 8900/–(ग्रेड वेतन)

(छः) अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी
रू0 37400–67000(वेतन बैण्ड–4)+रू0 10000/–(ग्रेड वेतन)

परिवीक्षा अवधि में वेतन

25–(1) फण्डामेन्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुये भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, जहाँ विहित हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया हो और द्वितीय वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो:

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जायगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन, सुसंगत फण्डामेन्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा:

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर समान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

भाग–आठ–अन्य उपलब्ध

पक्ष समर्थन

26–किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्हीं सिफारिशों पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

27–ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर समान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता

28–जहॉ सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तो को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में असम्यक कठिनाई होती है, वहॉ वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह मामले में न्याय–संगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या उसे शिथिल कर सकती है:

परन्तु यह कि जहॉ कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो, वहॉ उस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति देने या उसे शिथिल करने के पूर्व आयोग से परामर्श किया जायगा।

व्यावृत्ति

29–इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,
देबाशीष पाण्डा
प्रमुख सचिव, गृह
उत्तर प्रदेश।

परिशिष्ट–"क"

[नियम 4(2) देखिए]

सेवा में पदों की स्वीकृत संख्या और उसमें सम्मिलित पदों की श्रेणियॉ निम्नलिखित है:–

(एक)	अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी	–	10
(दो)	अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–एक	–	27
(तीन)	अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी–दो	–	67
(चार)	अपर पुलिस अधीक्षक, (02 पद आस्थागित रखे जायेंगे)	–	182
(पॉच)	ज्येष्ठ वेतनमान (पुलिस उपाधीक्षक)	–	250
(छः)	साधारण श्रेणी (पुलिस उपाधीक्षक) (35 पद आस्थगित रखे जायेंगे)	–	756

परिशिष्ट–"ख"

[नियम 13(2) देखिए]

(क) उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा हेतु विनियम।

1–सरकार के अधीन उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में किसी नियुक्ति हेतु उपयुक्त के रूप में उत्तीर्ण किये जाने वाले किसी अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक है कि मानसिक व शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा हो और वह किसी ऐसे शारीकि दोष से मुक्त हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।

2. अभ्यर्थियों की परीक्षा में शारीरिक मानकों की निम्नलिखित तालिका मार्गदर्शिका के रूप में प्रयुक्त की जाये।

(ख)			
अभ्यर्थियों की श्रेणी	ऊँचाई (सेंटीमीटर में)	सीना (सेंटीमीटर में)	
		बिना फुलाये	फुलाये
(एक) केवल पुरूष अभ्यर्थियों हेतु– अनारक्षित, नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों	165	84	89
(दो) अनुसूचित जनजातियां	160	79	84
(तीन) केवल महिला अभ्यर्थियों हेतु– अनारक्षित, नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों	152	लागू नहीं	
(चार)अनुसूचित जनजातियां	147		
(पॉच) सभी श्रेणियों की महिला अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम वजन	40 किग्रा.		

3–अभ्यर्थियों की ऊँचाई की माप निम्नलिखित रूप में ली जायेगी:–

वह अपने जूते उतार देगा और उसे मानक के सहारे इस प्रकार से खड़ा किया जायेगा कि उसके दोनों पैर सटे हों और उसके शरीर का वजन उसकी एड़ी पर पड़े और पैर के बाहरी हिस्से के अंगूठे पर नहीं हो। वह अपने शरीर को ढीला रखकर इस प्रकार बिल्कुल सीधा खड़ा होगा कि उसकी एड़ियॉ, पिंडलियॉ, नितम्ब और कन्धे मानक से स्पर्श कर रहे हों और उसकी ठुड्डी को इस प्रकार झुकाया जायेगा कि सिर का शीर्ष स्तर समस्तर पट्टी के नीचे आ जाय और ऊँचाई की माप सेंटीमीटर में अभिलिखित की जायेगी।

4–अभ्यर्थियों के सीने की माप निम्नलिखित रूप में ली जायेगी:–

उसे इस प्रकार खड़ा किया जायेगा कि उसके दोनों पैर सटे हुए हों और उसके हाथ सिर के ऊपर उठे हुए हों। फीते से सीने के घेरे की माप इस प्रकार ली जायेगी कि फीते का ऊपरी सिरा पीछे की तरफ स्कन्धास्थियों के निचले कोनी को स्पर्श करता हो और इसका निचला सिरा सामने के स्तनाग्रो के ऊपरी हिस्से को स्पर्श करें। तत्पश्चात् बाहों को स्तनाग्रों के सामने तक ढीली हालत में लटकाया जायेगा। तत्पश्चात् बाहों को इस प्रकार नीचे किया जायेगा कि वे बगल में ढीली हालत में लटकती रहें और इस बात की सावधानी बरती जाय कि कंधे न तो उचकाये जांय अथवा न ही उन्हें पीछे की ओर झुकाया जाय जिससे कि फीता अपने स्थान से हट जाये । तदोपरान्त अभ्यर्थी को यह निर्देश दिया जायेगा कि वे कई बार गहरी सांस लें और सीने के अधिकतम् फैलाव को सावधानीपूर्वक नोट कर लिया जायेगा ।

5–दृष्टि के पैनेपन के निर्धारण के लिए परीक्षा में दो परीक्षण सम्मिलित हैं:–पहला दूर के लिये, दूसरा नजदीक के लिए। स्नेलेन्स प्रकार के परीक्षण का प्रयोग दूर दृष्टि के परीक्षण हेतु, बिना चश्मे के 20 फीट की दूरी पर और अभ्यर्थी द्वारा चयनित किसी दूरी पर बिना चश्मे के नजदीक दृष्टि के परीक्षण हेतु किया जायेगा। परीक्षण में मार्गदर्शन हेतु किसी अभ्यर्थी की दृष्टि के न्यूनतम तीक्ष्णता के मानक निम्नलिखित के रूप में प्रयुक्त किये जायेंगे :–

मानक – एक

(क)	दाहिनी आँख	बायीं आँख
दूर दृष्टि :	v = 6 / 6	v = 6 / 6
नजदीक दृष्टि :	रीड्स 0,6	रीड्स 0,6

मानक – दो

	अच्छी आँख	खराब आँख
दूर दृष्टि :	v = 6 /6	v, बिना चश्में के = 6/60 से कम नहीं; और चश्में के साथ सुधार के पश्चात् = 6/24 से कम नहीं।
नजदीक दृष्टि :	रीड्स 0,6	रीड्स 1

मानक – तीन

	अच्छी आँख	खराब आँख
दूर दृष्टि :	v, बिना चश्में के = 6/24 से कम नहीं; और चश्में के साथ सुधार के पश्चात् = 6 / 6 से कम नहीं।	v, बिना चश्में के = 6/24 से कम नहीं; और चश्में के साथ सुधार के पश्चात् = 6/12 से कम नहीं।
नजदीक दृष्टि :	रीड्स 0.8	रीड्स 1

(ख) प्रत्येक आँख में हाथ के संचालन द्वारा यथापरीक्षित दृष्टि के पूर्ण क्षेत्र अवश्य होने चाहिए।

(ग) भैंगापन यां आँखों या पलकों के किसी विकृति स्थिति या वृद्धि या आवृत्ति के खतरे के लिये उत्तरदायी दोनों आँखों के कारण अभ्यर्थी निरस्त कर दिया जायेगा।

(घ) प्रत्येक आँख का परीक्षण अलग–अलग किया जायेगा और परीक्षण के दौरान पलकें पूर्णतया अवश्य खुली रखनी चाहिए ।

(ङ) मूल रंगों को पहचानने में असमर्थता को अस्वीकार करने के कारण के रूप में नहीं माना जायेगा, लेकिन इस तथ्य को कार्यवाही में अभिलिखित किया जायेगा और अभ्यर्थी को सूचित किया जायेगा।

(च) नियुक्ति हेतु सभी अभ्यर्थियों की दृष्टि की तीक्ष्णता का कोंण कार्यवाही में निम्नलिखित रीति में प्रविष्ट किया जायेगाः–

वी0आर0....., चश्में सहित....., रीड्स.....

वी0एल0....., चश्में संहित....., रीड्स.....

(छ) गंभीर असामान्यता के प्रकरणों में नेत्र रोग विशेषज्ञ की राय प्राप्त की जानी चाहिए।

6–मूत्र की (जॉचकर्ता की उपस्थिति में निकाले गये) जॉच की जानी चाहिए और परिणाम को अभिलिखित किया जाना चाहिए।

7–निम्नांकित अतिरिक्त बिन्दुओं को देखा जाना चाहिए –

(क) अभ्यर्थी के प्रत्येक कान में सुनने की क्षमता अच्छी हो और उसके कान में बीमारी का कोई लक्षण न हो किसी उम्मीदवार को, जो दस फुट की दूरी से पीठ के पीछे से जोर से की गई फुसफुसाहट को सुन सकता हो, परीक्षक को स्वस्थ मानना चाहिए । उसके प्रत्येक कान का पृथक रूप से परीक्षण किया जाना चाहिए, जबकि दूसरे कान को कुछ समय के लिये तेल से भीगी रूई से बंद कर दिया जाना चाहिए ।

(ख) यह कि उसकी वाक् क्षमता हकलाहट रहित हो ।

(ग) यह कि उसके दॉत अच्छी स्थिति में हों, और वह जहॉ कहीं प्रभावी चर्वण के लिये आवश्यक हो उसके पास दन्तावली हो। (अच्छी तरह से भरे हुए दॉत स्वस्थ माने जायेंगे।)

(घ) यह कि उसका वक्ष पूर्ण विकसित हो और वक्ष का फुलाव पर्याप्त हो तथा उसका हृदय और फेफड़े स्वस्थ हों।

(ङ) यह कि उसमें उदरीय रोग का कोई लक्षण न हो।

(च) यह कि उसको हार्निया न हो।

(छ) यह कि वह अण्डवृद्धि गंभीर स्तर के मोतीक्षरा, स्फीत शिरा या बवासीर से ग्रसित न हो।

(ज) यह कि उसके अंग, हाथ और पैर पूर्ण सुगठित और विकसित हों तथा उसके समस्त जोड़संधियॉं अपने आप और अच्छी तरह से गति करती हों।

(झ) यह कि वह किसी प्रकार के असाध्य त्वचा रोग से पीड़ित न हो ।

(ञ) यह कि उसमें जन्मगत कुरचना का दोष न हो।

(ट) यह कि उसमें तीक्ष्ण जीर्ण रोग को दर्शाने वाले किसी विकृत गठन के लक्षण न हों।

(ठ) यह कि उसके शरीर पर सही टीकाकरण के चिन्ह हों ।

जब कोई विकृति पाई जाती है तो इसे प्रमाण–पत्र पर अवश्य लिखा जाय और स्वास्थ्य परीक्षक को अपना मत बताना चाहिये कि क्या कर्तव्यों के कुशलतापूर्वक निष्पादन में, जो अभ्यर्थी से अपेक्षित हो, कोई बाधा पड़ेगी या नहीं। यदि दशा शल्य चिकित्सक द्वारा उपचारणीय हो तो ऐसा बताया जाना चाहिये।

टिप्पणीः–यह विनियम अभ्यर्थियों की सुविधा और उनके होने वाले अपेक्षित शारीरिक मानक में उनको योग्य बनाने की सम्भावना को सुनिश्चित करने के क्रम में प्रकाशित किया जा रहा है परन्तु , यह स्पष्ट रूप से समझा जाये कि अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से अनर्ह होना चिकित्सा मण्डल के पूर्ण विवेक पर निर्भर होगा और यह विवेक इन विनियमों द्वारा इस विषय में सीमित नहीं है।

(ख) चिकित्सा परिषद द्वारा परीक्षण किये गये अभ्यर्थियों द्वारा पूरा किये जाने वाले स्वास्थ्य के सम्बन्ध में घोषणा–पत्र का प्रपत्र।

चिकित्सा परिषद द्वारा चिकित्सा परीक्षण

————————————पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों द्वारा दिया जाने वाला विवरण

चिकित्सा परिषद द्वारा अपनी जांच किये जाने के पूर्व अभ्यर्थी नीचे मॉंगा गया विवरण अवश्य भरें और उसमें संलग्न घोषणा–पत्र पर उक्त परिषद के समक्ष हस्ताक्षर अवश्य करें।

1–अपना पूरा नाम लिखें (स्पष्ट अक्षरों में)

2–जन्म स्थान लिखें

3–अपनी जन्म–तिथि और आयु लिखें

4–अपने परिवार से सम्बन्धित निम्नलिखित विवरण दें :–

पिता की आयु, यदि जीवित हों तथा उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी दशा	मृत्यु के समय पिता की आयु और मृत्यु का कारण	जीवित भाइयों की संख्या, उनकी आयु तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी दशा	मृत भाइयों की संख्या, मृत्यु के समय उनकी आयु तथा मृत्यु का कारण

माता की आयु, यदि जीवित हों तथा उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी दशा	मृत्यु के समय माता की आयु और मृत्यु का कारण	जीवित बहनों की संख्या, उनकी आयु तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी दशा	मृत बहनों की संख्या, मृत्यु के समय उनकी आयु तथा मृत्यु का कारण

5–क्या आपका कोई निकट सम्बन्धी क्षयरोग [तपेदिक (यक्ष्मा), कण्ठमाला, कैंसर, दमा, मूर्च्छा, मिरगी, पागलपन अथवा किसी अन्य स्नायु रोग] से ग्रस्त हुआ है?

6–क्या आप कभी विदेश गये हैं, यदि हॉं तो कहॉं और कितनी अवधि के लिये और तब से कितना समय बीत चुका है?————————

7–क्या आपने कभी नौसेना, थल सेना, वायु सेना अथवा किसी सरकारी विभाग में कार्य किया है?————————

8–क्या आपकी जॉंच कभी (क) जीवन बीमा के लिये अथवा/और (ख) किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी अथवा राज्य चिकित्सा परिषद, सिविल अथवा सैनिक चिकित्सा परिषद द्वारा की गयी है? यदि हॉं तो पूरा विवरण दीजिये और क्या परिणाम हुआ सहित?————————

9—क्या आपको कभी——————————

(क) चेचक हुआ है, आवर्तक (विसर्गी) अथवा कोई अन्य ज्वर हुआ है, गिल्टियॉ बढ़ी हैं अथवा उसमें पीप पड़ा है, मुँह से खून निकला है, दमा हुआ है, फेफड़ों में सूजन, फुफ्फसावरण—शोथ (प्लूरिसी) हुआ है, हृदय रोग हुआ है, दौरे पड़े हैं, गठिया हुआ है, उष्डुकपुच्छशोथ हुआ है, मिरगी हुयी है, पागलपन अथवा अन्य स्नायु रोग हुआ है, कान बहा है अथवा कान का अन्य रोग हुआ है, उपदंश हुआ है, सूजाक हुआ है, अथवा——————

(ख) कोई अन्य रोग हुआ है अथवा चोट लगी है, जिसके कारण शैय्याग्रस्त होना पड़ा हो अथवा जिसके कारण चिकित्सा अथवा शल्यक्रिया सम्बन्धी उपचार आवश्यक हो गया हो अथवा——————

(ग) कोई शल्यक्रिया हुयी है, अथवा——————

(घ) सक्रिय सेवा में किसी समय किसी बीमारी से ग्रस्त रहे हैं, चोट लगी है अथवा क्षति हुयी है? ——————

10—क्या आपको अन्त्रवृद्धि है ?——————

11—क्या आपके प्रत्येक अण्डशिरावृद्धि हुई है, सूजी हुई शिरा वाली नसें हैं अथवा बवासीर है? ——————

12—क्या आपके प्रत्येक ऑख की दृष्टि अच्छी है? (ऐसे अभ्यर्थी, जो कि चश्मा पहनते हैं, से अपेक्षा की जाती है कि अपने चश्में का नुस्खा साथ लायें।)——————

13—क्या आपको प्रत्येक कान से अच्छी तरह सुनायी देता है?——————

14—क्या आपको कोई जन्मजात अथवा जन्मोत्तर विकृति, दोष अथवा विरूपता है?——————

15—आपको पिछला टीका कब लगा था?——————

16—क्या आपके स्वास्थ्य से सम्बन्धित कोई और मामला भी है, जो उपर्युक्त प्रश्नों के अन्तर्गत न आया हो, जिसे कि चिकित्सा परिषद को सूचित किया जाना चाहिये?——————

अभ्यर्थी द्वारा घोषणा

(चिकित्सा परिषद के समक्ष हस्ताक्षर किये जांय)

मैं घोषणा करता हूँ कि उपर्युक्त सभी उत्तर, जहॉ तक मेरा विश्वास है, सही और ठीक हैं।

मैं चिकित्सा परिषद के समक्ष उन समस्त परिस्थितियों को पूरी तरह प्रकट कर दूंगा, जिनकी मुझे जानकारी है और जो कि उस पद के लिये जिसका कि मैं अभ्यर्थी हूँ, मेरे स्वास्थ्य और योग्यता से सम्बन्धित हैं।

मैं इस बात से पूर्णतया अवगत हूँ कि किसी सूचना को जानबूझकर छिपाने से मुझे नौकरी न मिलने या उसे छोड़ने का, यदि प्रदान की जाती है, जोखित उठाना पड़ सकता है।

——————

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

——————की उपस्थिति में

——————

चिकित्सा परिषद का सदस्य

स्थान——————
दिनांक ——————

चिकित्सा परिषद की रिपोर्ट

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर	अभ्युक्ति
1.	क्या पिछले पृष्ठ पर दिये गये घोषणा–पत्र पर अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षर किये गये हैं ?		
2.	क्या जन्मजात या बाद में होने वाली विकृति के कोई लक्षण हैं ?		
3.	क्या उसका शरीर क्षतचिन्ह से मुक्त हैं और क्या वह अपने सभी अंगों का पूरी तरह संचालन कर पाता है ?		
4.	क्या निश्चित रूप से शारीरिक बनावट के विकृत होने अथवा उसकी किसी आदत के कोई संकेत मिलते हैं ?		
5.	क्या पिछले सात वर्षों के भीतर अभ्यर्थी को संतोषजनक रूप से टीका लगाया गया है?		
6.	क्या उसमें स्नायु तंत्र के रोग के कोई लक्षण हैं ?		
7.	क्या उसे अच्छी तरह सुनाई पड़ता है ?		
8.	क्या उसे अच्छी तरह दिखाई पड़ता है ?		
9.	जहॉ तक स्पष्ट उच्चारण का सम्बन्ध है क्या वह अच्छी तरह बोल सकता है ?		
10.	क्या हड्डियों, जोड़ों या उससे सम्बन्धित शरीर के किसी भाग में रोग के कोई लक्षण हैं ?		
11.	क्या वह कोई गम्भीर चर्म रोग से ग्रस्त है ?		
12.	क्या उसका ह्रदय और धमनी स्वस्थ है ?		
13.	क्या अभ्यर्थी के बवासीर, अण्डकोष वृद्धि, शिरावृद्धि या अन्य नाड़ी सम्बन्धी रोग है ?		
14.	क्या उसके सांस लेने से सम्बन्धित अंगों में किसी रोग के कोई संकेत मिलते हैं ?		
15.	क्या उसके पाचक अंगों के रोग के कोई लक्षण हैं ? क्या उसके दांत गंभीर रूप से खराब हैं अथवा किसी और प्रकार से रोग ग्रस्त हैं ?		
16.	क्या अभ्यर्थी अन्त्रवृद्धि से मुक्त है ?		
17.	क्या जनन सम्बन्धी अंगों के रोग के कोई लक्षण मिलते हैं ?		
18.	क्या उसका मूत्र (1) अल्ब्युमिन (2) शर्करा से मुक्त है? क्या उसका मूत्र अन्यथा सामान्य है ?		
19.	क्या अभ्यर्थी के स्वास्थ्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी है जिससे कि ..... के दक्षतापूर्वक कार्य निर्वहन करने के लिये उसके अनुपयुक्त हो जाने की सम्भावना हो ?		
20.	क्या आप अभ्यर्थी को दक्षतापूर्वक और निर्बाध रूप से ..... के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये सभी प्रकार से योग्य समझते हैं ?		

दिनांक .....

.....

हस्ताक्षर,
अध्यक्ष, चिकित्सा परिषद।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1587-VI-P.S.-1–2016-622(1)-2007, dated October 18, 2016:

No. 1587-VI-P.S.-1–2016-622(1)-2007

Dated Lucknow, October 18, 2016

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and the conditions of service of persons appointed to the Uttar Pradesh Police Service.

THE UTTAR PRADESH POLICE SERVICE RULES, 2016

PART- I- GENERAL

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called "The Uttar Pradesh Police Service Rules, 2016".

(2)They shall come into force at once.

Status of the service

2. The Uttar Pradesh Police Service is a State Service comprising Group 'A' and Group 'B' posts.

Definitions

3. In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context,—

(a) 'Act' means the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backwards Classes) Act, 1994;

(b) 'appointing authority' means the Governor;

(c) 'citizen of India' means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part-II of the Constitution;

(d) 'Commission' means the Uttar Pradesh Public Service Commission;

(e) 'Constitution' means the Constitution of India;

(f) 'Director General of Police' means the Director General of Police, Uttar Pradesh;

(g) 'Government' means the State Government of Uttar Pradesh;

(h) 'Governor' means the Governor of Uttar Pradesh;

(i) 'Head of the Department' means the Director General of Police, Uttar Pradesh;

(j) 'mber of the Service' ans a person substantively appointed under these rules or the rules or orders in force prior to the commencement f these rules to a post in the cadre of the Service;

(k) 'her backward classes of citizens' ans the backward classes of citizens specified in Schedule I of the Act, as amended from time to time;

(l) 'service' means the Uttar Pradesh Police Service;

(m) 'substantive appointment' means an appointment, not being an *adhoc* appointment, on a post in the cadre of the service, made after selection in accordance with the rules and, if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the Government;

(n) 'year of recruitment' means a period of twelve months commencing on the first day of July of a calendar year.

PART -II-CADRE

Cadre of Service

4. (1) The strength of the service and of each category of posts therein shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of the service and of each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule(1), be as given in Appendix 'A' :

Provided that:-

(i) the appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation; or

(ii) the Governor may create such additional permanent or temporary posts as he may consider proper.

PART- III- RECRUITMENT

Source of recruitment

5. (1) Recruitment to the Service in the Ordinary Grade shall be made from the following sources :–

(i) Fifty percent by direct recruitment through the Commission on the basis of competitive examination.

